


सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# भारत सरकार
# भारी उद्योग मंत्रालय



**डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय**
**भारी उद्योग मंत्री**

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

## संदेश

आज़ादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75वें वर्ष का उत्सव मनाने और जनता, संस्कृति तथा देश की उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने की भारत सरकार की एक पहल है। इसी पहल के तहत भारी उद्योग मंत्रालय 10 से 16 जनवरी 2022 तक आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

भारी उद्योग मंत्रालय ऑटोमोटिव और कैपिटल गुड्ज़ क्षेत्र सहित विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, हरित और तकनीक–आधारित विनिर्माण क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलता है। इस विज़न को साकार करने के लिए मंत्रालय ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण (फेम) स्कीम, राष्ट्रीय उन्नत केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण कार्यक्रम, ऑटोमोबिल और ऑटो घटक के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम, भारतीय कैपिटल गुड्ज़ क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा संवर्धन स्कीम आदि सहित कई पहलें शुरू की हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने अपने सीपीएसई और स्वायत्त निकायों के सहयोग से, आज़ादी का अमृत महोत्सव के समारोहों के लिए नवाचार, विनिर्माण उत्कृष्टता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण और वहनीयता, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, स्वतंत्रता संग्राम आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 10–16 जनवरी, 2022 के सप्ताह के दौरान देश भर में 40 से अधिक स्थानों पर Action/75, Achievements/75, Ideas/75 और Resolve/75 जैसे विषयों को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रमों और क्रियाकलापों की श्रृंखला की योजना बनाई है। इन कार्यक्रमों में लोकार्पण, नए उत्पादों की शुरूआत, प्रौद्योगिकी प्रदर्शनियों, तकनीकी प्रदर्शनियां, सेमिनार, वेबिनार, विशेषज्ञ व्याख्यान, योग और ध्यान सत्र, स्वास्थ्य शिविर, भूले हुए स्वतंत्रता सेनानी नायकों को याद करना, स्वतंत्रता संग्राम और आंदोलनों आदि पर बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियानों और प्रतियोगिताओं का आयोजन करना इत्यादि शामिल हैं।

यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है कि सप्ताह भर चलने वाले इन समारोहों का आयोजन "Whole of Government Approach" से किया जाए और सभी कार्यक्रमों में जन–भागीदारी हो। कार्यक्रमों के दौरान कोविड–19 के अनुरुप, परस्पर सुरक्षित दूरी बनाए रखने और स्वच्छता प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

हमारा अनुरोध है कि आप सब आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 10 से 16 जनवरी, 2022 तक भारी उद्योग मंत्रालय के इस आयोजन में अपनी सहभागिता अवश्य करें।


**डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय**
**भारी उद्योग मंत्री**

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**



Dr. Mahendra Nath Pandey
Minister of Heavy Industries

Government of India
Ministry of Heavy industries



Sh. Krishna Pal Gurjar
Minister of State, Heavy Industries

# MESSAGE

Azadi Ka Amrit Mahotsav is an initiative of the Government of India to celebrate and commemorate 75 years of progressive India and the glorious history of its people, culture and achievements. As part of this initiative, Ministry of Heavy Industries is celebrating the Azadi Ka Amrit Mahotsava from 10 to 16 January 2022.

Ministry of Heavy Industries is focused on developing a globally competitive, green and technology-driven manufacturing sector including automotive and capital goods sector, which propels growth and job creation. To achieve this vision the Ministry has launched a series of initiatives including the Faster Adoption and Manufacturing of Electric Vehicles (FAME) Scheme, National Programme on Advanced Chemistry Cell (ACC) Battery Storage, Production Linked Incentive (PLI) scheme for Automobile and Auto Components, Scheme for Enhancement of Competitiveness in the Indian Capital Goods Sector etc.

As part of the celebrations of Azadi Ka Amrit Mahotsava, Ministry of Heavy Industries in association with its CPSEs and Autonomous Bodies has planned series of events and activities at over 40 locations across the country during the week of 10 to 16 January 2022 focusing on themes of Actions@75, Achievements@75, Ideas@75, Resolve@75 and Freedom Struggle in areas of Innovation, Manufacturing Excellence, Atamanirbhar Bharat, Environment & Sustainability, Swachha Bharat, Swastha Bharat, Unsung Heroes of Freedom Struggle etc. The events include Inaugurations, New Product launches, Technology Demonstrations, Technical Exhibitions, Seminars, Webinars, Expert Lectures, Yoga and Meditation sessions, Health Camps, Cultural Programs, Cleanliness Drives and Competitions amongst children on Freedom Struggle and Movements, etc.

It has been emphasized to all units of the Ministry to follow "Whole of Government Approach" and ensure people's participation i.e Janbhagidari in the events and activities in the week-long celebrations. Directions have also been issued to ensure Covid-19 social distancing & hygiene protocols during the events and activities.

We urge everyone to participate in the planned celebrations of Ministry of Heavy Industries from 10 to 16 January 2022 under Azadi Ka Amrit Mahotsava.

**Dr. Mahendra Nath Pandey**
**Minister of Heavy Industries**

**Sh. Krishna Pal Gurjar**
**Minister of State, Heavy Industries**